इसलिए, मैं केन्द्र सरकार से परियोजना तुरन्त शुरू करने के लिए ठोस कदम उठाने का अनुरोध करता हूं। यदि प्रोत्साहक आर.ए.पी.एल. अपनी असंगत मांगों के बहाने अनिच्छुक है तो परियोजना सार्वजनिक क्षेत्र में शुरू की जानी चाहिए।

पूर्वाह्न 11.11 बजे

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव—*जारी*

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय: माननीय सदस्यो, कृपया अपने स्वीकृत स्थान पर बैठ जाइए। अब हम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर आते हैं। वाद-विवाद पूरा हो चुका है। अब, मैं माननीय प्रधानमंत्री से उत्तर देने का अनुरोध करता हूं।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदय: माननीय प्रधानमंत्री ने इसके लिए अनुरोध किया है। इसलिए कृपया अपने स्थान पर बैठ जाइए।

...*(व्यवधान)*

कुमारी ममता बनर्जी (कलकत्ता दक्षिण): महोदय, हमें न्याय चाहिए...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदय: हम इस मुद्दे पर बहस कर चुके हैं तथा मुझे खुशी है कि कुछ सहमति बनी हैं।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदय: कृपया अपना स्थान ग्रहण कीजिए। मेरा सभी माननीय सदस्यों से शांत रहने का अनुरोध है चूंकि मैं पहले ही माननीय प्रधानमंत्री को बुला चुका हूं। आप सभी से अपील है कृपया थोड़ा तो सम्मान करें। हां, माननीय प्रधानमंत्री, कृपया बोलें।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदय: श्री यादव, कृपया अपने को नियंत्रित करें। आप सभी से अनुरोध है कि कृपया अपना स्थान ग्रहण कीजिए।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदय: श्री यादव, कृपया अपने स्थान पर जाइए।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदय: मैं सभा में इसकी अनुमति नहीं दूंगा। कृपया आप सभी अपना स्थान ग्रहण कीजिए।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदय: श्री यादव, कृपया बैठ जाइए। अब, कृपया माननीय प्रधानमंत्री को बोलने दें।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदय: माननीय प्रधानमंत्री द्वारा कही गई बात अथवा की गई टिप्पणी के अलावा कार्यवाही वृत्तांत में कुछ भी सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

*(व्यवधान)**

* कार्यवाही वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।

प्रधानमंत्री (डा. मनमोहन सिंह): माननीय अध्यक्ष महोदय, मुझे पता चला है कि दोनों पक्षों के राजनीतिक दलों में सहमति बनी है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को सीधे मतदान के लिए रखा जाए और सर्वसम्मति से पारित किया जाए। अत:, महोदय, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा जाए।

मैं इस अवसर पर लोक सभा के सभी माननीय सदस्यों को धन्यवाद देता हूं।

अध्यक्ष महोदय: माननीय सदस्यों द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पर अनेक संशोधन प्रस्तुत किए गए हैं। मैं चाहता हूं कि सभी संशोधनों को एक साथ सभा के मतदान के लिए रखा जाए और आशा करता हूं कि कोई भी माननीय सदस्य किसी संशोधन विशेष को अलग से मतदान के लिए नहीं रखना चाहेगा।

अब, मैं सभी संशोधनों को एक साथ सभा के मतदान के लिए रखता हूं।

सभी संशोधनों को एक साथ मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुए।

अध्यक्ष महोदय: अब, मैं मुख्य प्रस्ताव को सभा के मतदान के लिए रखूंगा।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदय: क्या आप सभा के मतदान के लिए एक सरल प्रश्न भी नहीं रखने देंगे?

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदय: इस सभा में कुछ कार्य होना चाहिए।

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदय: आप पिछले चार दिन से यहां क्या कर रहे थे? इस देश की जनता आपके बारे में क्या कह रही है?

...*(व्यवधान)*

अध्यक्ष महोदय: अब मैं मुख्य प्रस्ताव को सभा के मतदान के लिए रखता हूं

प्रश्न यह है:

''कि राष्ट्रपति की सेवा में निम्नलिखित शब्दों में एक समावेदन प्रस्तुत किया जाये:—

''कि इस सत्र में समवेत लोक सभा के सदस्य राष्ट्रपति के उस अभिभाषण के लिए जो उन्होंने 7 जून, 2004 को एक साथ समवेत संसद की दोनों सभाओं के समक्ष देने की कृपा की है, उनके अत्यन्त आभारी हैं।''

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।